सार-समाचार

डॉ. पद्मजा शर्मा दिल्ली में सम्मानित होंगी

डॉ. पद्मजा शर्मा

जोधपुर, (नि.सं.)। 16 नवंबर को साहित्य अकादमी, दिल्ली के रवीन्द्र भवन में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में डॉ. पद्मजा शर्मा को 'साहित्य शिरोमणि साहित्य सम्मान' से सम्मानित किया जाएगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार उच्चतर शिक्षा एवं शोधकेंद्र संस्थान के निर्देशक प्रोफेसर ए एस वधान ने बताया कि डा पद्मजा को ये सम्मान उनके साहित्य में विशेष योगदान और साहित्य की विभिन्न विधाओं में लेखन के लिए दिया जाएगा। डा पद्मजा द्वारा साहित्य की विभिन्न विधाओं में प्रकाशित 37 पुस्तकें उनके उच्च कोटि के साहित्य को दर्शाती हैं। उनके इस योगदान के लिए उच्चतर शिक्षा एवं शोध केंद्र की विशेष चयन समिति ने डा पद्मजा शर्मा को राष्ट्रीय साहित्य शिरोमणि पुरस्कार देने का निर्णय किया है। उनको ये सम्मान हिन्दी साहित्य अकादमी दिल्ली के रवीन्द्र भवन में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में कल किया जाएगा।

अन्नकूट की धूम, 56 भोग की सजाई झांकी

जोधपुर, (कासं)। दिवाली के बाद गोवर्धन पूजा से शुरू हुए अन्नकूट महोत्सव के तहत ठाकुरजी व अन्य देवी-देवताओं को छप्पन भोग लगाया जा रहा है। शहर के कई मंदिरों में छप्पन भोग का भोग चढ़ाकर विश्वकल्याण की प्रार्थना की। भगवान कृष्ण ने आठ दिन तक गोवर्धन पर्वत को अपनी उंगली पर उठाया था। उसी के मान्यता अनुसार 56 भोग लगाया जाता है। इसी को लेकर मंदिरों में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अन्नकूट का आयोजन किया जा रहा है जिसमें श्रद्धालु बड़ी संख्या में मंदिर पहुंचकर अन्नकूट के भोग का दर्शन कर रहे है। विभिन्न वैष्णव मंदिरों सहित देवालयों में अन्नकूट का आयोजन कर भगवान को विभिन्न खाद्य सामठी का भोग लगाया जा रहा है। गुरुवार को रातानाडा शिव रोड स्थित श्री सिद्ध नागेश्वर महादेव मंदिर में भक्तों के सहयोग से अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया। व्यवस्थापक निकिता जोशी व शिवानी जोशी ने बताया कि अन्नकूट की झांकी सजाई गई और संकीर्तन का आयोजन हुआ। वहीं चांदपोल गोवर्धन तालाब स्थित हनुमानगढ़ बालाजी मन्दिर में 15 नवम्बर को अन्नकूट महोत्सव होगा। इसमें 1100 दीपों की मलिका सजाई जाएगी। हनुमानगढ़ बालाजी पर्यावरण सेवा संस्थान के संरक्षक धर्मसिंह कच्छवाहा ने बताया कि भजनों के साथ सुंदरकांड का पाठ भी किया जाएगा। वहीं ओल्ड कैंपस के सामने स्थित श्री पीपलेश्वर महादेव मंदिर में कार्तिक मास शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा के पावन अवसर पर ब्रह्मलीन महंत शिव चेतनगिरि महाराज के दिव्याशीष एवं मंदिर के महंत व संस्थापक श्रीधरगिरि महाराज के सानिध्य में शुक्रवार को मंदिर समिति सदस्यों व भक्तों के श्रद्धाभाव से अन्नकूट मनोरथ का आयोजन होगा। महंत श्रीधरगिरी महाराज ने बताया कि शुक्रवार को दोपहर तीन बजे से अन्नकूट दर्शन, भजन-कीर्तन के साथ संध्या आरती और रात्रि 10 बजे पूर्णारती होगी। प्रसादी वितरण मंदिर परिसर में शनिवार को की जाएगी।

लानेला में चित्रकला प्रतियोगिता हुई

जैसलमेर, (नि.सं.)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय लानेला में बाल दिवस के अवसर पर चित्रकला प्रतियोगिता व निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिताओं में प्रथम व द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को ग्राम सेवा परियोजना द्वारा सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रधानाचार्य पूनमाराम बालोच ने बताया कि बाल दिवस हमें बच्चों के अधिकारों के महत्व को समझने और उनके अधिकारों की रक्षा करने की प्रेरणा देता है। बच्चे हमारे परिवार और समाज में खुशहाली और समृद्धि लाते हैं, परंतु आज भी समाज में बहुत बच्चे अशिक्षित व बहुत बच्चे बालश्रम का शिकार हो जाते है। शिक्षा बच्चों का अधिकार है व बच्चों को 18 वर्ष तक श्रम नहीं करना चाहिए व उन्हें उचित शिक्षा दी जानी चाहिए व बच्चों में भेदभाव नहीं करना चाहिए। कांग्रेस अध्यक्ष उम्मेदसिंह तंवर की अध्यक्षता में पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती पर कांग्रेस कार्यालय में आयोजित संगोष्ठी से पहले पंडित नेहरु के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित कर कांग्रेसजनों द्वारा नेहरु को याद किया गया। तत्पश्चात् जिला कांग्रेस अध्यक्ष तंवर ने संगोष्ठी को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमारे देश की आजादी के लिए बहुत संघर्ष हुए अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ लम्बी लड़ाई स्वतंत्रता सेनानियों ने लड़ी, उस लड़ाई में पंडित नेहरु एक महत्वपूर्ण व्यक्ति रहे। आयोजन में पूर्व विधायक रुपाराम धनदेव, रुपचंद सोनी, धर्मेन्द्र आचार्य, कुंदन कुमावत, रतनाराम भील,गोरधनसिंह चौहान,प्रेम भार्गव, दिलीपसिंह , रमेशकुमार खत्री, चन्द्रप्रकाश पुरोहित, नेमीचंद, पम्मूमल भार्गव, अमरसिंह सोढा,झब्बरलाल भार्गव, भगवाना राम भील उपस्थित रहे।

पंडित नेहरू की जयंती मनाई

पाली, (नि.सं.)। आधुनिक भारत के निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले स्वतन्त्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती पर पाली में शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीवराज बोराणा नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने सूरज पोल स्थित पण्डित जवाहरलाल नेहरू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर तथा राजीव गांधी स्मृति भवन (कांग्रेस कार्यालय) में उनकी तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस मौके पर पाली जिला कांग्रेस अध्यक्ष अजीज दर्द, प्रदेश सेवादल उपाध्यक्ष मोहन हटेला, कांग्रेस नेता जोगाराम सोलंकी, पूर्व ब्लॉक हाजी मेहबूब टी भंवर राव, मुरलीमनोहर बोड़ा, दिनेश दवे, ताराचन्द टांक, जुगराज चौहान, कमरुद्दीन पठान, ओबीसी जिलाध्यक्ष गोविंद बंजारा, कांग्रेस मीडिया प्रभारी ताराचन्द चन्दनानी, अब्दुल रज्जाक चढ़वा, आमीन अली रंगरेज, राजू सोलंकी, सुनील रामावत, भैराराम गुर्जर, मोहनसिंह राजपुरोहित हेमावास, प्रवक्ता असगर कुरैशी, कमलेश पारवानी रामलाल मेघवाल, नरेश राठौड़, इकबाल शेख सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

अश्लील हरकत का आरोपी गिरफ्तार

जोधपुर, (कासं)। 14 साल की बेटी के साथ अश्लील हरकत करने के मामले आरोपी पिता को गिरफ्तार किया गया है। पीड़िता का मेडिकल करवाकर मजिस्ट्रेट के सामने बयान करवाएं गए। घटना कमिश्नरेट के एक थाना क्षेत्र की है। पीड़िता की मां ने अपने पति के खिलाफ मामला दर्ज करवाया था। पुलिस को दी रिपोर्ट में उसने बताया था कि उसकी 14 साल की बेटी के साथ उसका पति पिछले एक साल से यौन उत्पीड़न कर रहा है। विरोध जताने पर पीड़िता के साथ मारपीट करता है। आखिरकार एक ट्रस्ट के संपर्क में आने के बाद थाने में रिपोर्ट दी। जांच अधिकारी ने बताया कि पीड़िता का मेडिकल करवाया गया। इसके बाद मजिस्ट्रेट के समक्ष 164 के बयान करवाए गए। पुलिस ने पॉक्सो मामले में आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को आज कोर्ट में पेश किया जाएगा।

फैक्ट्री से निकल कर पेड़ पर लगाया फंदा

जोधपुर, (कासं)। बासनी औद्योगिक क्षेत्र द्वितीय चरण में एक फैक्ट्री ने पेड़ पर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं होना बताया गया है। परिजन की तरफ से मर्ग में रिपोर्ट दी गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजन के सुपुर्द किया। वह फैक्ट्री से निकला और फं दे लगा लिया था। बासनी पुलिस ने बताया कि मूलतः झारखण्ड के दुमका कोठीकुंड का रहने वाला 45 वर्षीय जयराम पुत्र राधेसिंह यहां जोधपुर में बासनी औद्योगिक क्षेत्र द्वितीय फेज में एक फैक्ट्री में काम करता था। वह रात को फैक्ट्री से निकला और मेघवालों की ढाणी पहुंचा। जहां एक पेड़ पर फंदा डालकर उसमें झूल गया। सुबह इसका पता लगने पर पुलिस मौके पर पहुंची। उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। बासनी पुलिस ने उसके परिजन झारखंड के ही दिलीपसिंह पुत्र मनोहरसिंह की रिपोर्ट पर मर्ग दर्ज किया। शव को कार्रवाई उपरांत सौंप दिया गया।

केशुसिंह गहलोत को पुष्पांजलि

जोधपुर, (कासं)। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत आज जोधुपर प्रवास पर पहुंचे और एयरपोर्ट पर मीडिया से मुखातिब हुए। बाद में ठेकेदार केशुसिंह गहलोत के निधन पर पुष्पांजलि में चले गए। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार कोई फैसले नहीं ले पा रही है। हर बार पिछली सरकार पर दोषारोपण कर रही है।

सर्व ब्राह्मण समाज का कलैक्ट्रेट पर प्रदर्शन, पाली बंद की चेतावनी दी

सर्व ब्राह्मण समाज के नेतृत्व में लोगों ने पाली में कलैक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। फोटो-राष्ट्रदूत

पाली, (नि.सं.)। सर्व ब्राह्मण समाज के नेतृत्व में बुधवार को बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाज के लोग पाली कलेक्ट्रेट पहुंचे। उन्होंने हिस्ट्रीशीटर द्वारा ओमदत्त दवे के साथ हुई मारपीट की घटना का विरोध जताते हुए पुलिस-प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कलैक्टर और एसपी को मामले में ज्ञापन सौंपा, जिसमें कहा कि ओमदत्त दवे का पट्टाशुदा प्लॉट है। कोर्ट ने उनके पक्ष में फैसला दिया। वे वहां पंडितों के साथ सुंदरकांड पाठ कर रहे थे।

हिस्ट्रीशीटर सुरेन्द्र सिंह और उनके साथियों ने उस पर जानलेवा हमला किया। पीड़ित ने औद्योगिक थाना पुलिस को मामले में शिकायत करते हुए आरोपी से खुद को जान से खतरा भी बताया लेकिन औद्योगिक थाना पुलिस ने ओमदत्त की फरियाद नहीं सुनी और आरोपी ने उन पर जानलेवा हमला किया। आरोप लगाया कि आरोपी के थाना पुलिस मिली हुई है। उन्होंने मुख्य आरोपी सुरेंद्रसिंह को गिरफ्तार करने के लिए शनिवार दोपहर तक का समय दिया। इस अवधि में आरोपी नहीं पकड़ा गया तो पाली बंद की चेतावनी दी।

हिस्ट्रीशीटर ने किया था हमला

दरअसल, पाली शहर के हाऊसिंग बोर्ड में रहने वाले 43 साल के ओमदत्त दवे पुत्र कैलाशचंद दवे मंगलवार को औद्योगिक थाना क्षेत्र के राजनगर में स्थित अपने पट्टाशुदा प्लॉट पर सुंदरकांड का पाठ करवा हे थे। इस दौरान हिस्ट्रीशीटर सुरेन्द्रसिंह कुम्पावत ने अपने साथियों के साथ मिलकर उन पर जानलेवा हमला किया और मौके से फरार हो गया।

घायल के परिजनों का कहना है कि उन्होंने आरोपी सुरेंद्रसिंह से खुद की जान का खतरा होने और उनके पट्टाशुदा प्लॉट पर उसके द्वारा जबरदस्ती कब्जा करने का प्रयास करने की शिकायत औद्योगिक नगर थाना पुलिस में भी की थी लेकिन पुलिस ने उनकी सुनवाई नहीं की। पुलिस उसके खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई करती तो आरोपी की हिम्मत उन पर जानलेवा हमला करने की नहीं होती। उन्होंने औद्योगिक थाना पुलिस पर आरोपियों से मिलीभगत का आरोप लगाते हुए औद्योगिक थाना प्रभारी की कार्यशैली पर कई प्रश्न चिन्ह भी खड़े किए।

सीनियर एडवोकेट पीएम जोशी ने आरोप लगाते हुए कहा कि औद्योगिक थाना क्षेत्र में भूखंडों पर कब्जा कर सीधे-सादे लोगों से रुपए हड़पने वाली गैंग लम्बे समय से सक्रिय है। जिनसे आमजन परेशान है, लेकिन थाने में उनकी सुनवाई नहीं होती और बदमाश प्रवृत्ति के लोगों ने भूखंडों पर कब्जा कर सीधे-सादे लोगों से रुपए हड़पने धंधा खोल रखा है। ऐसी स्थिति में पुलिस पर आमजन का विश्वास कम हो रहा है।

दो हाथ, एक पैर फ्रेक्चर, पेट में वार

पीड़ित की पत्नी ने कहा कि उनके पति से आरोपियों ने बेरहमी से मारपीट की। जिससे उनके दोनों पैर, एक हाथ फ्रेक्चर हो गया। सिर में गंभीर चोट लगी है और पेट में धारदार हथियार से वार किया। ऐसे में अगले छह महीने तक वे काम-काज नहीं कर सकेंगे।

परिवार चलाना भी मुश्किल हो जाएगा। ज्ञापन सौंपने आए लोगों ने पीड़ित परिवार को सरकार की ओर सहायता राशि दिलाने की भी मांग की।

पीड़ित ने करवाया मामला दर्ज

घटना को लेकर पीड़ित ओमदत्त दवे पुत्र कैलाशचन्द्र, निर्मल उर्फ लाडू, सुनील श्रीमाली पुत्र भगवतीलाल ने रिपोर्ट दी। बताया कि 13 नवम्बर 2024 की सुबह करीब 10 बजे राईको की ढाणी, राजनगर एरिये में स्थित ओमदत्त के भूखण्ड 225 पर हनुमान चालीसा पाठ व पूजा पाठ कर रहे थे। इस दौरान तभी आरोपी सुरेन्द्रसिंह राजपूत, उसका भाई कुलदीप राजपूत, सूरजपाल, सुमेरसिंह सहित 10-12 लोग एक साथ आए और उन्हें धमकाते हुए सरिये, लाठी, डण्डों, लातो-घुसों से हमला कर दिया।

उन्होंने बताया कि कमलसिंह राजपूत, चैनसिंह ओमदत्त सिर, पावों पर लोहे के सरिये, रोड आदि से वार किए। सीने पर नुकीले हथियार से सुरेन्द्रसिंह ने हमला किया तथा कुलदीप ने ओमदत्त के सिर पर वार किया। ओमदत्त बेहोश हुआ तो आरोपी वहां से भाग गए।

आरोप है कि जाते-जाते आरोपियों ने हवा में हथियार लहराए और धमकी दी कि किसी तरह की कानूनी कार्रवाई करने की कोशिश की तो जान से मार देंगे। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

ट्रक चालक ने पिता को कूचला, बेटी घायल

पाली, (नि.सं.)। पाली में हाइवे पर तेज रफ्तार से आ रहे ट्रक ने बाइक सवार पिता-पुत्री को चपेट में लिया। ट्रक का चक्का ऊपर से गुजरने से 65 वर्षीय पिता की मौके पर ही कुचले जाने से दर्दनाक मौत हो गई वही 48 वर्षीय बेटी भी घायल हो गई। जिसका पाली के बांगड़ हॉस्पिटल में उपचार जारी है। पुलिस ने मृतक की बॉडी मोर्चरी में रखवाई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार हॉस्पिटल चौकी प्रभारी पुखराज पटेल ने बताया कि हादसा हाइवे पर मंडिया क्रॉस पर हुआ।

तेज रफ्तार से आ रहे ट्रक ने बाइक सवार पिता-पुत्री को टक्कर मार दी। हादसे में पाली जिले के वडेरावास (खैरवा) निवासी 65 वर्षीय शिवलाल पुत्र पनाराम घांची की दर्दनाक मौत हो गई। उनके ऊपर से ट्रक का चक्का निकल गया। जिससे उनकी बॉडी का काफी हिस्सा कूचल गया।

वही उनकी 48 वर्षीय बेटी मंडिया गांव निवासी शांतिदेवी पत्नी नेनाराम घांची भी घायल हो गई। जिनका पाली के बांगड़ हॉस्पिटल में उपचार जारी है। दोनों पिता-पुत्री ढाबर गांव से मंडिया आ रहे थे।

इस दौरान तेज रफ्तार से आ रहे ट्रक ने उन्हें चपेट में ले लिया। मृतक की बॉडी पुलिस ने हॉस्पिटल की मोर्चरी में रखवाई और घायल महिला का उपचार जारी है। घटना की जानकारी मिलने पर बड़ी संख्या में मृतक के परिजन व परिचित बांगड़ हॉस्पिटल पहुंचे। साथ ही सूचना पर मौके पर सदर थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची।

जालोर के वूशु खिलाड़ी श्रीगंगानगर रवाना

जालोर के वुशू खिलाड़ी राज्य प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए श्रीगंगानगर रवाना हुए। फोटो राष्ट्रदूत

जालोर, (कासं)। राजस्थान वूशु संघ व श्रीगंगानगर वूशु संघ के तत्वावधान में श्रीगंगानगर में 15 से 17 नवंबर तक आयोजित होने वाली 18वीं राज्य स्तरीय सब जूनियर वूशु प्रतियोगिता के लिए जिले के खिलाड़ी गुरुवार को रवाना हुए। इससे पूर्व बुधवार शाम आर्य वीर दल वीरम व्यायामशाला में सभी खिलाड़ियों को भामाशाह जितेन्द्र कुमार परिहार की ओर से वूशु संघ जालोर की टीशर्ट प्रदान की गई।

जिला वूशु संघ के अध्यक्ष शिवदत्त आर्य ने बताया कि खिलाड़ियों की सफलता के लिए यज्ञ का आयोजन भी किया गया। जिसमें वैदिक मंत्रों के उच्चारण से विजय कामना की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आर्यवीरदल के अध्यक्ष कृष्ण कुमार तिवारी ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि जालोर में आज वूशु खेल सर्वाधिक लोकप्रिय खेल है, जिसके लिए उन्होंने सभी कोचों व अभिभावकों का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि वूशु खेल जालोर में विगत 10 वर्षों से सक्रिय रूप से चल रहा है,इसी के परिणाम स्वरूप हर वर्ष जिले के अनेकों खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में जिले का गौरव बढ़ा रहे हैं। अंत में जिला वूशु संघ के सचिव कन्हैया लाल मिश्रा ने सभी खिलाड़ियों का मुंह मीठा करवाकर शुभकामना देते हुए विजय कामना के साथ श्रीगंगानगर के लिए विदाई दी। कार्यक्रम में जिला एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष भरत मेघवाल,दानदाता जितेन्द्र परिहार,किरण चौहान,वूशु कोच देवेश आर्य, वूशु कोच प्रीतम सिंह राठौड, राष्ट्रीय वूशु खिलाडी सुनीता चौधरी, दिव्या सोनी सहित वूशु खिलाड़ी व अभिभावक मौजूद थे।

इंवेस्ट के नाम पर युवक से 24.68 लाख की ठगी

जोधपुर, (कासं)। शहर के माता का थान क्षेत्र महादेव नगर में रहने वाले एक युवक को शातिर ने नामी कंपनी में इंवेस्ट के नाम पर 24.68 लाख से ज्यादा की ठगी का शिकार बना डाला। वाटसअप पर हुई बातचीत से शिकार बना युवक अब पुलिस की शरण में पहुंचा है।

घटना 5 नवंबर से शुरू हुई 11 नवंबर तक वह ठगी का शिकार हो चुका था। मूलतः मथानिया के मांडियाईकलां हाल महादेव नगर माता का थान के रहने वाले ओमप्रकाश पुत्र लाखाराम की तरफ से यह रिपोर्ट दी गई है।

इसके अनुसार पांच नवंबर को उसके वाटसअप पर एक संदेश आया था। दूसरे दिन 6 नवंबर को मैसेज आया और कंपनी की प्रॉपर्टी में इनवेस्टमेंट व वर्क प्रोसेस के बारे में जानकारी दी। 6 नवंबर को ही कंपनी में रजिस्ट्रेशन की जानकारी दी गई और रजिस्ट्रेशन के बाद बैंक खाता अपडेट करने पर 1090 रुपए का लालच दिया। इस पर खाता अपडेट किया और फिर 1090 रुपए विड्रोल करने को कहा पीड़ित ने विड्रोल किए और उसके खाते में 1090 रुपए आ गए। यहां से लालच के जाल में फंसाना शुरु किया।

शातिर ने बाद में दस हजार रुपए इनवेस्ट करवाए और उस पर 20-20 के तीन एक्सप्लोरर दिए इस पर 14 हजार 752 रुपए वापस विड्रोल किए इस तरह से प्रोफिट शो कर शातिर के जाल में फंसाता रहा।

9 नवंबर तक इस तरह से एक के बाद एक ट्रांजक्शन करवा कर प्रोफिट एड कर 11 नवंबर तक सभी एक्सप्लोरर पूरे होने के बाद खाते में 65 लाख 53 हजार 849 रुपए शो हो रहे थे इसे शातिर ने विड्रोल करने का बोला लेकिन विड्रोल का मैसेज आया लेकिन खाते में पैसे नहीं आए।

पीड़ित की रिपोर्ट पर अब माता का थान पुलिस जांच कर रही है।

सड़क हादसों में तीन घायल, एक का सिर फूटा, दो जनों के पैर टूटे

पाली, (नि.सं.)। पाली में गुरुवार को तीन अलग-अलग सड़क हादसों में तीन जने घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए पाली के बांगड़ हॉस्पिटल लाया गया। जहां उनका उपचार जारी है।

पहला हादसा पाली के गुंदोज गांव के निकट हुआ। जिसमें रॉग साइड से आ रहे ट्रक ने मिनी ट्रक को टक्कर मार दी। हादसे में मिनी ट्रक पलट गया। जिससे मिनी ट्रक का ड्राइवर अलवर जिले के उजौली गांव निवासी संजय (55) पुत्र रामावतार ब्राह्मण घायल हो गया। जिसे 108 में उपचार के लिए पाली के बांगड़ हॉस्पिटल लाया गया। मिनी ट्रक मं स्पेयर पार्ट्स भरे हुए थे। ड्राइवर अहमदाबाद से मावल (हरियाणा) जा रहा था। इस दौरान यह हादसा हो गया।

इसी तरह जिले के सादड़ी-घाणेराव के बीच तेज रफ्तार जीप ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में मगरतलाब (देसूरी) निवासी 30 साल का दिनेशसिंह पुत्र गिरधारीसिंह रावत घायल हो गया। जिसके पैर में गंभीर चोट लगी। जिसका पाली के बांगड़ हॉस्पिटल में उपचार जारी है।

इसी तरह मारवाड़ जंक्शन क्षेत्र के हिंगोला-सुगालिया गांव रोड पर लोर्डिंग टेम्पो और बाइक में टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार गजनीपुरा गांव निवासी 34 साल का दिनेश पुत्र सोहनलाल नायक घायल हो गया। जिसे लोर्डिंग टेम्पो का ड्राइवर उपचार के लिए मारवाड़ जंक्शन हॉस्पिटल ले गया। हालत गंभीर होने पर पाली रेफर किया गया। जहां उसका उपचार जारी है।

जयंती मनाई

जोधपुर, (कासं)। देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू का जन्मदिवस बाल दिवस के रूप में मनाया। कांग्रेस के एमजीएच रोड स्थित कार्यालय पर पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया। केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक 2 वायु सेना के प्राथमिक विभाग में ाल मेले का आयोजन हुआ।

छप्पन भोग की झांकी सजाई

पाली, (नि.सं.)। कार्तिक मास की चतुर्दशी को अग्रसेन रोड स्थित नरसिंह मंदिर में अन्नकूअ महोत्सव धूमधाम से मनाया गया।

इस अवसर पर भगवान के आगे छप्पन भोग की झांकी सजाई गई। आरती के पश्चात 61 किलो कदम पाक, 56 किलो खीर का प्रसाद वितरित किया गया। ॅक्टर बसंत गोयल, किशन, अभिषेक मयूर एवं समस्त नर्सिंग भगवान मंदिर के ट्रस्टयों का सहयोग रहा। इसी क्रम में मेड स्वर्णकार समाज भवन, शिवाजी सर्किल अटल महादेव मंदिर में भी अन्नकूट मनाया गया।

एस.डी.एम. को थप्पड़ मारने के खिलाफ पेन डाउन हड़ताल शुरू

जोधपुर, (कासं)। देवली उनियारा विधानसभा सीट पर उपचुनाव के दौरान निर्दलीय प्रत्याशी नरेश मीणा की ओर से एसडीएम अमित चौधरी को थप्पड़ मारने के बाद कर्मचारी और प्रशासनिक अधिकारी आक्रोशित हैं। प्रदेश भर में कार्रवाई करने को लेकर इसका विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया है। इसी कड़ी में जोधपुर में भी आज आरएएस अधिकारियों व कर्मचारियों ने पेन डाउन हड़ताल की।

शहर में आज अधिकांश विभागों में अधिकारियों और कर्मचारियों ने पेन डाउन हड़ताल कर कार्य का बहिष्कार किया। साथ ही निर्दलीय प्रत्याशी नरेश मीणा पर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की। वहीं गुरुवार को बिजली इंजीनियरों ने काली पट्टी बांधकर काम किया। बिजली इंजीनियर एसोसिएशन ऑफ जोधपुर डिस्कॉम के संरक्षक डीके व्यास और अध्यक्ष शीशपाल तांडी ने बताया कि बिजली इंजीनियरों ने काली पट्टी बांधकर इस घटना का विरोध जताया। मंत्रालयिक कर्मचारियों ने भी कार्य बहिष्कार किया।

दरअसल राजस्थान की सात विधानसभा सीटों पर 13 नवंबर को मतदान हुए। देवली उनियारा सीट पर मतदान के दौरान मालपुरा एसडीएम अमित चौधरी एरिया मजिस्ट्रेट के रूप में चुनाव ड्यूटी में कार्यरत थे।

विधानसभा क्षेत्र के समरता गांव में चुनाव ड्यूटी के दौरान निर्दलीय प्रत्याशी नरेश मीणा ने चुनाव नियमों का उल्लघंन करते हुए मौके पर मौजूद एरिया मजिस्ट्रेट अमित चौधरी को थप्पड़ मार दिया।

साजिश के तहत हुई घटना : भाटी

जोधपुर, (कासं)। देवली-उनियारा में उपचुनाव के दौरान निर्दलीय प्रत्याशी नरेश मीणा के उपखंड अधिकारी को थप्पड़ मारने को लेकर विवाद बढ़ता जा रहा है। इसको लेकर शिव से निर्दलीय विधायक रविंद्र सिंह भाटी ने कहा है कि यह पूरी घटना सिस्टम का फेलियर है। अगर सिस्टम सजग होता तो यह नहीं होता।

सर्किट हाउस में गुरुवार को मीडिया से बात करते हुए भाटी ने कहा कि वो इस पूरी घटना की निंदा करते हैं। कुछ ऐसे सिस्टम की ओर से अपरिपक्व निर्णय लिए गए, जिससे यह घटना हुई। सिस्टम ने साजिश के तहत यह घटना होने दी। यह सिस्टम की विफलता उजागर करता है। निर्दलीय चुनाव लडऩा आसान काम नहीं है, मजबूत लोग ही चुनाव लड़ सकते हैं। बहुत संघर्ष करना पड़ता है। आने वाले समय में ऐसे लोगों का भविष्य सुनहरा होगा। भाटी ने उनके विरुद्ध उदयपुर न्यायालय से जारी गिरफ्तारी वारंट पर हाईकोर्ट की रोक पर कहा कि न्यायालय पर भरोसा है। साजिश के तहत आवाज दबाने की कोशिश हुई थी।

सभ्य समाज में ऐसी घटना सही नहीं : जोगाराम पटेल

जोधपुर, (कासं)। केबिनेट मिनिस्टर जोगाराम पटेल आज जोधपुर प्रवास पर पहुंचे। यहां जोधपुर में एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत में कल एसडीएम को थप्पड़ मारने की बात लेकर कहा कि यह घटनाक्रम सभ्य समाज में सही नहीं कहा जा सकता है। किसी भी जनप्रतिनिधि द्वारा बूथ में घुसना और अधिकारी से मारपीट करना किसी तरह से न्यायोचित नहीं है। उन्होंने देवली और उनियारा की जनता को शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की।

पटेल ने कहा कि कानून अपना काम कर रहा है। दोषी कितना ही बड़ा क्यों ना हो वह कानून की गिरफ्त से नहीं बच सकता है। कानून के हाथ लंबे है। जिसने भी कानून को अपने हाथ में लिया है, उसे सख्त से सख्त सजा मिलेगी। किसी को भी अपनी मनमर्जी से करने का अधिकार नहीं है। अपनी कोई भी शिकायत है उस स्थान पर रख सकता है। मगर कानून को किसी भी तरह हाथ में लेना न्यायोचित नहीं है।

रोटरी क्लब का दंत जांच शिविर व जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

जालोर के महात्मा गांधी राजकीय इंग्लिश मीडियम विद्यालय में शिविर का आयोजन किया। फोटो-राष्ट्रदूत

जालोर, (कासं)। रोटरी क्लब जालोर ने महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम गवर्नमेंट स्कूल, शिवाजी नगर, जालोर में दांत स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में 210 विद्यार्थियों के दांतों की जांच व परामर्श रोटेरीयन डॉ. लोकेश महरवाल द्वारा किया गया।

डॉ. लोकेश महरवाल ने विद्यार्थियों को दांत स्वास्थ्य के महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दांत स्वास्थ्य हमारे समग्र स्वास्थ्य के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। दांतों की नियमित जांच और सफाई से हम दांतों की समस्याओं को रोक सकते हैं। इसके अलावा, डॉ. लोकेश महरवाल ने प्रॉपर ब्रशिंग तकनीक के बारे में विद्यार्थियों को विस्तृत जानकारी दी और उन्हें गलत व्यसनों से दूर रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा, सही तरीके से ब्रश करने से दांतों की समस्याएं कम होती हैं और स्वस्थ दांतों के लिए यह बहुत जरूरी है। इसके अलावा, रोटरी क्लब जालोर द्वारा सभी 210 विद्यार्थियों को टूथब्रश और टूथपेस्ट का वितरण किया। इस अवसर पर रोटरी क्लब जालोर के अध्यक्ष संजय सुंदेशा ने कहा कि हमारा उद्देश्य विद्यार्थियों को दांत स्वास्थ्य के महत्व के बारे में जागरूक करना है। हम चाहते हैं कि वे अपने दांतों की देखभाल करें और स्वस्थ रहे। असिस्टेंट गवर्नर डॉ. पवन ओझा ने विद्यार्थियों को हाथ धोने की प्रक्रिया, व्यक्तिगत स्वच्छता एवं संतुलित आहार ,पोषण के महत्व के बारे में जानकारी प्रदान करते हुए कहा कि स्वच्छता हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। रोटरी इंटरनेशनल के मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत उनमें बीमारीयों की रोकथाम एवं स्वास्थ्य उन्नयन के लिए प्रतिवर्ष रोटरी क्लब जालोर द्वारा इस तरह के शिविर एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। उन्होंने क्लब द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों की सराहना की। सचिव सीए जीशान अली ने कहा कि हमें विद्यार्थियों के स्वास्थ्य के लिए काम करने में गर्व है। यह शिविर विद्यार्थियों के लिए उपयोगी होगा।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य मनीष ठाकुर, धीरेन्द्र प्रजापत, हितेष कुमार दवे, नरेश कुमार, राकेश कुमार मीणा, रोटरी क्लब जालोर के सदस्य नूर मोहम्मद, काना राम पारमार, डॉ. पवन ओझा, विनीता ओझा, दिनेश सुंदेशा, मंजू चौधरी उपस्थित थे।